# औद्योगिक निवेश को लेकर पांच इकाइयों को जारी होंगे एलओसी

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में पांच औद्योगिक इकाइयों को लेटर आफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी करने को स्वीकृति प्रदान की गई है।

जेके सीमेंट लिमिटेड को प्रयागराज में 450.92 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एलओसी जारी किया जाएगा। इसी प्रकार मून बेवरेजेस लिमिटेड को हापुड़ में 469.61 करोड़ रुपये, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर प्राइवेट लिमिटेड को मुजफ्फरनगर में 403.88 करोड़ रुपये, ग्लोबल स्प्रीट्स लिमिटेड को लखीमपुर खीरी में 399.74 करोड़ रुपये, चांदपुर इंटरप्राइसेस लिमिटेड को बिजनौर में 273.9 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एलओसी जारी किया जाएगा। इसके अलावा श्री सीमेंट नार्थ प्राइवेट लिमिटेड, एटा के नाम में परिवर्तन करने के लिए एलओसी जारी करने की स्वीकृति कैबिनेट ने दी है।



औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (एचएलईसी) की बीती 15 जनवरी को हुई बैठक में इन कंपनियों को एलओसी जारी करने का संस्तुति की गई थी।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि कैबिनेट ने एक अन्य निर्णय के तहत मेसर्स आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड की रायबरेली इकाई के दो उत्पादों को एक ही श्रेणी में शामिल करने के संबंध में एलओसी जारी करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है।

इस इकाई में पोर्टलैंड पौजोलेना सीमेंट (पीपीसी) व आर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट (ओपीसी) के उत्पादों को अलग-अलग श्रेणी में रखने की बजाय एक ही श्रेणी में रखने की संस्तुति पिकअप की तरफ से की गई थी। दोनों श्रेणी में जीएसटी की दर 28 प्रतिशत है। नतीजतन कैबिनेट ने दोनों को अलग-अलग श्रेणी में रखने की बजाय एक ही श्रेणी में रखने के लिए एलओसी जारी करने को स्वीकृति दे दी है।

**यह और उप्र की अन्य खबरें**
**www.jagran.com पर पढ़ें**